ए.टी.एल. स्पेस चैलेंज- 2021 (ATL Space Challenge- 2021)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/atl-space-challenge-2021

- नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन तथा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सहयोग से देश के सभी स्कूली छात्रों के लिये ए.टी.एल. (अटल टिंकरिंग लेबोरेटरीज़) स्पेस चैलेंज 2021 प्रतियोगिता का शुभारंभ किया है। **इसे देश के सभी अटल टिंकरिंग लेबोरेटरीज़ एवं गैर ए.टी.एल. वाले स्कूलों से जुड़े विद्यार्थियों, मेंटर तथा शिक्षकों के लिये तैयार किया गया है।**
- इसका उद्देश्य कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को अंतरिक्ष क्षेत्र के संबंध में जानने के लिये खुला मंच प्रदान करना है, जिससे **उन्हें डिजिटल युग की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी समस्याओं का समाधान करने तथा नवोन्मेष में सक्षम बनाया जा सके।** इसके माध्यम से छात्रों द्वारा प्रस्तुत समाधानों को लागू कर एक्सप्लोर स्पेस, रीच स्पेस, इनहैबिट स्पेस, लीवरेज स्पेस जैसी तकनीकों का लाभ उठाया जा सकता है।
- **यह चैलेंज विश्व अंतरिक्ष सप्ताह 2021 के साथ संबद्ध है, जिसे प्रत्येक वर्ष 4 से 10 अक्तूबर तक अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र के योगदान को मनाने के क्रम में विश्व भर में आयोजित किया जाता है।**
- इस पहल के तहत गठित छात्रों के प्रत्येक दल को अपनी रुचि और समझ के आधार पर स्पेस चैलेंज थीम के अंतर्गत शामिल किसी एक समस्या का चयन करना है। इन दलों को स्कूल शिक्षकों, ए.टी.एल. प्रभारियों तथा मेंटर्स द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसके अंतर्गत किसी दल में अधिकतम 3 सदस्य हो सकते हैं।

X